हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 22 अप्रैल 2025

04 मॉडल रेलवे स्टेशन पर रेलयात्री अव्यवस्थाओं...



08 दुर्घटनाः ड्राइवर को आई झपकी बनी 6 की...





## खबर संक्षेप

### आज पक्षियों के लिए पानी के सकोरे लगाएंगे

**विदिशा।** गर्मियों में पक्षियों के पीने के लिए पानी की व्यवस्था करने जिला न्यायालय परिसर में आज मंगलवार सुबह 10.15 बजे से सकोरे लगाए जाएंगे। इस दौरान न्यायाधीशगण और अधिवक्तागण मौजूद रहेंगे। जो पानी के सकोरे लगाए जाने का कार्य करेंगे।

### नरवाई जलाने पर दो किसानों पर जुर्माना

**विदिशा।** नरवाई जलाने वालों के विरुद्ध कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देशन पर किसानों के विरुद्ध कुल पांच हजार रुपए का जुर्माना किया गया है। सिरोंज एसडीएम हर्षल चैधरी ने बताया कि धरमपुर में रामबाबू पुत्र बारेलाल यादव और कस्बा सिरोंज में बटियादार युसूफ खान पिता बुनियाद अली मंसूरी पर जुर्माना किया गया है।

### खेल प्रशिक्षण शिविर के संबंध में बैठक हुई

**विदिशा।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला मुख्यालय एवं प्रत्येक विकासखंड स्तर पर ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बालक बालिका दोनों वर्गों के लिए किया जाना है। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों के संबंध में सोमवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया है कि जिले में 1 से 31 मई तक जिला मुख्यालय एवं समस्त विकास खंडों में खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### किशोरी ने की जहर खाकर आत्महत्या

**विदिशा।** उनारसीकला थाना क्षेत्र निवासी एक 17 वर्षीय किशोरी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। जहरीला पदार्थ खाने के बाद उसे पहले लटेरी अस्पताल जाया गया। जहां से विदिशा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। किशोरी के पिता का कहना है कि गोलू नाम के युवक ने अन्य लड़कियों के माध्यम से बेटी को मोबाइल फोन भेजा था। इसके बाद वो उससे बातचीत करने लगा और अपशब्द कहे।

## मांगों को लेकर की जा रही हड़ताल से चरमरा जाएंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

# जिलेभर के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

### जिलेभर के 712 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी आज से नहीं करेंगे काम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत काम करने वाले संविदा स्वास्थ्य कर्मियों की अनिश्चित कालीन हड़ताल आज से शुरू हो रही है। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला अस्पताल के सामने टेंट लगाकर संविदा कर्मचारी प्रदर्शन करेंगे। अनिश्चितकालीन हड़ताल की सूचना विभाग और प्रशासन को दी गई है।

कर्मचारियों का आरोप है कि सरकार ने संविदा नीति 2025 में उनके हितों की अनदेखी की है। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणाओं को भी नजरअंदाज किया गया है। संघ ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने तत्काल ठोस कदम नहीं उठाए तो प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित होंगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। कर्मचारियों ने बताया कि वे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत बीते 20 वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 4 जुलाई 2023 को आयोजित महापंचायत में संविदा कर्मचारियों के हित में कई घोषणाएं की गई थीं, जिसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने 23 जुलाई 2023 को एक नई संविदा नीति जारी की थी। हालांकि, एनएचएम भोपाल द्वारा की गई हालिया संशोधित नीति में कर्मचारियों को दी जा रही कई सुविधाओं में कटौती कर दी गई है।



**विदिशा।** टीकाकरण के लिए जिला अस्पताल में लगी प्रसूताओं की कतार।

### सरकार को दी चेतावनी

संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि शासन द्वारा इन मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो 22 अप्रैल से प्रदेशभर के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएंगे। इससे प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो सकती हैं।

### संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की प्रमुख मांगें हैं

- एनएचएम में 50 प्रतिशत पदों को नियमित करने का वादा पूरा करें।
- ईएल और मेडिकल लीव की सुविधाएं बहाल की जाएं।
- अनुबंध प्रथा को पूरी तरह समाप्त किया जाए।
- अप्रेजल सिस्टम को हटाया जाए।
- सेवानिवृत्ति आयु पुनः 65 वर्ष किया जाए।
- समान कार्य के लिए समान वेतन की नीति लागू की जाए।

### सूचना दे दी

जिलेभर के 712 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर रहे हैं। जिसकी सूचना विभाग और प्रशासन को दे दी गई है। - **पंकज द्विवेदी,** जिलाध्यक्ष संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ

### युवक कांग्रेस चुनाव को लेकर हुई बैठक

**विदिशा।** युवा कांग्रेस के आगामी चुनावों की तैयारी को लेकर सोमवार को बंधन मैरिज गार्डन में बैठक हुई। जिसमें इंडियन यूथ कांग्रेस के विशेष कोऑर्डिनेटर आशीष चौहान मौजूद रहे। बैठक में चौहान ने बताया कि इस बार सदस्यता और नामांकन की प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल रहेगी। युवा मोबाइल एप और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकेंगे। नामांकन की तिथि 27 अप्रैल से 6 मई तक तय की गई है, जिसमें 18 से 35 वर्ष के युवा भाग ले सकेंगे। बैठक में आनंद प्रताप सिंह, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अरुण अवस्थी, राजकुमार पासी, नवनीत कुशवाह सहित कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बैरसिया को हराकर सांगुल टीम बनी विजेता



**शमशाबाद।** समाजसेवी संस्था युवा मंच द्वारा आयोजित शहीद राजेंद्र सिंह राजपूत ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट का मोहनपुरा ग्राउंड में किया जा रहा है। तेज गर्मी के बावजूद क्रिकेट टूर्नामेंट में खिलाड़ी मैदान में डटे हुए हैं। मैदान में पारा चढ़ा हुआ है, लेकिन खिलाड़ियों का जोश कम नहीं हुआ। सोमवार को सांगुल व बैरसिया के बीच मैच हुआ, जिसमें सांगुल टीम विजेता रही। भियाखेड़ी व जटपुरा के बीच मैच हुआ जिसमें भियाखेड़ी टीम विजय रही। करैया व सारसी के बीच मैच में सारसी टीम विजेता रही।

# पीएम के नाम ज्ञापन देकर जैन साधुओं की सुरक्षा मांगी

## बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग हुए शामिल



**विदिशा।** पीएम के नाम कलेक्टर को ज्ञापन देने पहुंचे जैन समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सोमवार को जैन समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर कलेक्टर के नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में चार बिंदुओं को लेकर कार्रवाई कि मांग की है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि पूर्वी मुंबई में 1008 श्री पार्शवनाथ दिगंबर जैन मंदिर के विध्वंश के दोषियों पर सख्त कार्रवाई कर पुनः मंदिर निर्माण के लिए त्वरित कार्रवाई की जाए। नीमच में जैन साधुओं पर निर्ममता पूर्वक हमला किया गया, इसलिए जैन साधुओं को सुरक्षा दी जाए। जबलपुर में जैन समाज के लिए भाजपा के दो नेताओं द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है। जिन पर कड़ी कार्रवाई की जाए। वहीं मुनि संघ एवं आर्यिका संघ पदविहार के समय पुलिस सुरक्षा प्रदान की जाए।

सकल दिगंबर जैन समाज समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी, महामंत्री प्रदीप जैन ने बताया कि अहिंसा के पर्याय जैन समाज का शांतिपूर्ण तरीके से धर्म प्रभावना एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित कार्य से योगदान करती है। लेकिन अल्पसंख्यक होने के कारण जैन समाज को शासन प्रशासन उचित सुरक्षा एवं सहयोग प्राप्त नहीं होता। ज्ञापन के माध्यम से गृहमंत्री, मुख्यमंत्री मप्र सहित महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री से कार्रवाई की मांग की गई है।

# टावर पर चढ़ा युवक, 3 घंटे बाद उतरा

## प्रशासन करता रहा नीचे उतारने का प्रयास, रिश्तेदारों ने समझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लटेरी

सोमवार दोपहर 3 बजे तहसील कार्यालय पहुंचकर अरविंद अहिरवार कालादेव निवासी उनारसी कला टावर पर चढ़ गया।

टावर से कूदकर आत्महत्या की धमकी देने लगा। स्थानीय प्रशासन लगातार उसे नीचे उतारने की कोशिश करता रहा है। युवक टावर से उतरने के लिए राजी नहीं हुआ। युवक एसपी रोहित काशवानी से बात करने की जिद पर अड़ा रहा। यह हाई ड्रामा 3 घंटे से ज्यादा चला। लेकिन युवक टावर से नीचे उतरने तैयार नहीं हुआ। इसके बाद अरविंद के रिश्तेदारों को बुलाया गया और रिश्तेदारों के समझाइश देने के बाद युवक टावर से उतरा। टावर से उतरने के बाद थाना प्रभारी पर झूठे प्रकरण में फंसाने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। युवक ने कहा कि उनारसीकला की थाना प्रभारी की प्रताड़ना से तंग होकर उसने यह कदम उठाया।



### समझाइश दी

भूसा को लेकर विवाद हुआ था। जिसमें अरविंद और उसके भाईयों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था। अरविंद की रिपोर्ट पर चौरसिया के खिलाफ प्रकरण दर्ज है। दोनों पक्षों पर कार्रवाई की गई है। जिससे नाराज हो कर उक्त व्यक्ति टावर पर चढ़ा था। जिसे ग्रामवासियों सरपंच और रिश्तेदारों के समझाइश पर टावर से नीचे उतार लिया गया है।
- **अजय मिश्रा,** एसडीओपी लटेरी

### कलेक्टर ने विभिन्न शाखाओं का किया निरीक्षण

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कलेक्टेट में संचालित विभागों के कार्यालयों तथा राजस्व विभाग की शाखाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। वहीं शाखा प्रभारियों की केबिन के बाहर शाखा प्रभारी का नाम व मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से अंकित किया जाए इसी प्रकार की कार्यवाही के निर्देश जिला कोषालय के निरीक्षण दौरान दिए हैं। उन्होंने स्ट्रांगरूम का भी निरीक्षण किया। वहीं पेंशन कक्ष में पहुंचकर सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की पेंशन प्रक्रिया के जानकारी प्राप्त की है।

### बीसीएम के पक्ष में उतरीं आशा कार्यकर्ताएं

**विदिशा।** गंजबासौदा के त्योदा क्षेत्र की आशा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर बीसीएम मधुराम पर लगाए गए आरोप निराधार हैं। कुछ दिन पहले आशा कार्यकर्ताओं ने बीसीएम मधुराम पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया था। इस मामले में विभागीय जांच चल रही है। सामूहिक अवकाश लेकर पहुंची कार्यकर्ताओं का कहना है कि बीसीएम मैडम पूरी तरह निर्दोष हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बीसीएम मधुराम ने हमेशा नियमों का पालन किया है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# अभिभाषक संघ की कार्यकारिणी भंग, तदर्थ समिति का हुआ गठन

- 31 जुलाई से पहले ही संपन्न कराने होंगे चुनाव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिला अभिभाषक संघ के चुनाव नहीं हो पाने से स्टेट बार कौंसिल ने जिला अभिभाषक संघ की कार्यकारिणी को भंग करते हुए चुनाव कराने के लिए तदर्थ कमेटी का गठन कर दिया है।

यह तदर्थ कमेटी जिला अभिभाषक संघ के चुनाव को संपन्न कराएगी। स्टेट बार कौंसिल सचिव गीता शुक्ला ने जिला अभिभाषक संघ की कार्यकारिणी को निर्देशित किया है कि तदर्थ कमेटी को चार्ज सौंपा जाए। तदर्थ समिति को वह समस्त अधिकार रहेंगे जो संघ की कार्यकारिणी समिति को रहते हैं। जिसमें वित्तीय अधिकारी भी शामिल हैं। तदर्थ समिति में वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश दुबे, देवेंद्र कुमार श्रीवास्त, लक्ष्मीनारायण दंडोतिया, हरपाल सिंह, अजीत सिह चावला को शामिल किया गया है। जो जिला अभिभाषक संघ की फोटो युक्त मतदाता सूची से 31 जुलाई के पूर्व चुनाव संपन्न कराएंगे। मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के रिकार्ड के अनुसार कार्यकारिणी का कार्यकाल मार्च में समाप्त हो चुका है। उसके बाद भी जिला अभिभाषक संघ के नवीन चुनाव कराए जाने के कोई प्रयास नहीं किए जाने के कारण तदर्थ समिति का गठन किया गया है।

# वार्ड नंबर 35 में 35 लाख की सड़क का नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

वार्ड 35 में 35 लाख की लागत से बनने वाली सड़क एवं नाली का नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा एवं पार्षद सपना राजेश ने भूमिपूजन किया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने कहा कि वार्ड क्रमांक 35 में 1 करोड़ रूपए के लगभग विकास कार्य हो चुके हैं। इस दौरान भूमिपूजन कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता राजेश जैन, बीएम सक्सेना, इंजी. दिनेश बाजपेयी, डॉ. मनीषा सिलाकारी, धीरज सिंह दांगी, संजय मोदी सहित सभी रहवासी मौजूद रहे। वार्ड पार्षद सपना राजेश जैन ने कहा कि नपाध्यक्ष वार्ड में विकास कार्य में कभी कोई कमी नहीं रखतीं हैं। नपाध्यक्ष ने शहर को स्वच्छ रखने कि अपील की है।

## कनारा मैदान पर चल रही विधायक ट्रॉफी का समापन हुआ

# जैन लाइंस की टीम ने जीता फाइनल मुकाबला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कुशाभाऊ ठाकरे खेल परिसर कनारा मैदान पर चल रहे विधायक प्रीमियर लीग सीजन-1 वर्ष 2025 का रविवार की रात समापन हुआ।

जैन लाइंस की टीम विजेता रही। चौधरी कंस्ट्रक्शन उपविजेता रही। चौधरी कंस्ट्रक्शन और जैन लायंस के मध्य खेले गए फाइनल मुकाबल में जैन लायंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 164 रन लक्ष्य दिया। जवाब में चौधरी कंस्ट्रक्शन लक्ष्य का पीछे करते हुए 16 ओवर में सिर्फ 89 रन पर ऑल आउट हो गई। जैन लाइंस ने विधायक ट्रॉफी 75 रनों से अपने नाम की। जिसके प्लेयर ऑफ द मैच हिमांशु रहे। वहीं अंपायर देवेंद्र ठाकुर और शिवमंगल सिंह चौहान रहे। मुख्य अतिथि के रूप में विदिशा विधायक मुकेश टंडन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, बीडीसीए के सह सचिव संदीप सिंह डोंगर, तेजेंद्र सिंह बन्नू, अरविंद श्रीवास्तव, नगरपालिका सीएमओ दुर्गेश ठाकुर अलावा बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव- 4240
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2300
उच्चतम भाव- 2851
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2360
उच्चतम भाव- 2440
चना
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-5780
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3050
उच्चतम भाव-3695
धान
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-3080
बटरी
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-4800
अलसी
न्यूनतम भाव-6065
उच्चतम भाव-6065
मसूर
न्यूनतम भाव-5600
उच्चतम भाव-6350
धनिया
न्यूनतम भाव-5700
उच्चतम भाव-7010
सरसों
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-7290
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-4460
उड़द
न्यूनतम भाव-4900
उच्चतम भाव-4900

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 43654 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### तेज गर्मी और उमस से लोग परेशान

**गंजबासौदा।** दिनों दिन गर्मी का प्रकोप तेज होता जा रहा है। सुबह से लेकर शाम तक तेज गर्मी पड़ने के बाद शाम से उसम लोगों को परेशान करने लगती है। लोग तेज धूप के चलते आवश्यक कार्य होने पर ही घरों से निकल रहे हैं। लोग गर्मी के प्रकोप से बचने शीतल पेय पदार्थों का सेवन कर रहे हैं। लोग गर्मी से बचने चश्मा, तौलिया, ग्लब्स आदि का उपयोग कर रहे हैं। गर्मी के चलते शीतल पेय पदार्थों की बिक्री में उछाल आ गया है।

### चोरी का प्रयास करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**टीकमगढ़।** थाना पलेरा क्षेत्र के ग्राम खैरा में एक किसान के घर में दिनदहाड़े चोरी का प्रयास करने वाले दो आरोपियों को पलेरा पुलिस ने 24 घंटे के भीतर मशरूका सहित गिरफ्तार कर लिया है। संतोष कुशवाहा पिता हरचरन कुशवाहा 40 वर्ष निवासी ग्राम खैरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 18 अप्रैल की सुबह लगभग 7 बजे वह अपनी पत्नी जशोदा कुशवाहा के साथ कछाईया वाले हार, नदी किनारे ईंटें बनाने चला गया था।

### रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर विचरण करते रहते हैं आवारा मवेशी

# मॉडल रेलवे स्टेशन पर रेलयात्री अव्यवस्थाओं से होते हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





कहने को स्थानीय रेलवे स्टेशन को मॉडल रेलवे स्टेशन का दर्जा प्राप्त है और अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश एवं भोपाल मंडल के चुनिंदा स्टेशनों में गंजबासौदा रेलवे स्टेशन को भी शामिल किया गया है और यहां रेलवे स्टेशन का नवनिर्माण भी हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद यहां अव्यवस्थाओं की भरमार रेलयात्रियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है।

यहां उल्लेखनीय है कि स्थानीय रेलवे स्टेशन को मॉडल रेलवे स्टेशन का दर्जा तो काफी समय पहले ही मिल चुका था। जिसके बाद रेल प्रशासन द्वारा यहां ठेकेदारी प्रथा से साफ सफाई शुरू करवा दी गई थी। जिसके बाद साफ सफाई भी पहले से बेहतर हो गई थी, लेकिन शेड, पानी, शौचालय सहित अन्य यात्री सुविधाओं की कमी के चलते यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पडता था। इसके बाद स्थानीय रेलवे स्टेशन के अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल होने और करीब 25 करोड रूपए से स्टेशन का नवनिर्माण एवं यात्री सुविधा विस्तार का कार्य शुरू होने से यात्रियों को सुविधाएं मिलने की उम्मीद बंध गई थी।

हांलाकि पिछले एक साल से अधिक समय से स्थानीय रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना का कार्य चल रहा है और अब योजना के तहत नवीन स्टेशन भवन, प्लेटफार्म टीनशेड निर्माण, प्लेटफार्म विस्तार, स्टेशन परिसर का नवनिर्माण, आकर्षक और भव्य प्रवेश द्वार सहित अन्य निर्माण एवं विकास कार्य तो पूर्ण हो गए हैं और कुछ कार्य अभी प्रगतिरत हैं जो आगामी कुछ समय में पूर्ण हो जांएगे। लेकिन अब यात्रियों को मूलभूत सुविधाओं की कमी से परेशान होना पड रहा है। रेलवे स्टेशन पर साफ सफाई की स्थिति पहले से भी बदतर हो गई है। जगह जगह कचरे के ढेर और गंदगी से उठती बदबू के कारण यात्रियों को खासी परेशानी हो रही है। वहीं रेलवे स्टेशन पर लावारिस मवेशियों का जमावडा भी एक बडी समस्या बन गया है। भीषण गर्मी के बावजूद नलों में पानी नहीं आने से स्थानीय रेल यात्रियों एवं ट्रेन में यात्रा कर रहे रेल यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्टेशन प्रबंधक एवं रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी स्टेशन पर साफ, सफाई, पेयजल, आवारा मवेशी विचरण, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे लावारिस मवेशी कई बार रेल यात्रियों को घायल भी कर चुके हैं लेकिन रेलवे द्वारा आवारा मवेशियों को प्लेटफार्म पर विचरण करने से नहीं रोका जा रहा है।



## यातायात पुलिस ने बनाए चालान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में हतोड़ा मोड़ पर वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ऐसे दो पहिया वाहन जिन पर तीन सवारी बैठी हुईं थी, नंबर प्लेट टूटी हुई थी। चार पहिया वाहन चालकों पर आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे। ऐसे वाहन चालकों को रोककर वाहन के आवश्यक दस्तावेज एवं चालक का ड्रायविंग लायसेंस की जांच की गई। जिसके न पाए जाने पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में एक ट्रक, दो चार पहिया वाहन सहित दो पहिया चालकों से 3700 रुपए जुर्माने के रुप में वसूल किए गए। वाहन चैकिंग के दौरान दो पहिया वाहन चालकों को हेलमट, चार पहिया वाहन चालकों को सीटबेल्ट लगाकर वाहन चलाने तथा शराब पीकर वाहन न चलाने की समझाइश दी गई।

## भक्त प्रहलाद का प्रसंग सुनाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बीजासन माता मंदिर वार्ड नंबर 5 में हो रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ के तृतीय दिवस पर परम पूज्य पंडित सुनील शास्त्री द्वारा कथा में भक्त प्रहलाद पर उनके पिता द्वारा किए गए अत्याचारों एवं किस तरह भगवन नाम की शक्ति को बताते हुए भक्त प्रहलाद को सभी प्रकार की बाधाओं से बचाया, इस बारे में बताया गया। महाराज भरत के बारे में बताते हुए महाराज ने कहा की मानस अंत समय में जैसी मोह माया में ध्यानरत होते हुए अपना अंत त्यागता है। वह अगले जन्म में वही रूप या योनि को प्राप्त होता है। कथा प्रसंग के दौरान राजा गया के बारे में बताते हुए कहा कि गया नाम के राजा जंगल में शिकार करने गए थे। किंतु गलती बस ऋषि को बाण लगने से ऋषि द्वारा गया नाम के राजा को पंचकोश असुर की योनि प्रदान कर दी गई थी। किंतु राजा गया बहुत बड़े भगवान भक्त थे। असुर की योनि प्राप्त करते हुए भी उन्होंने भगवान नाम जप करना नहीं छोड़ा और अंत में जब शरीर को त्याग तो वह स्थान गयाजी के नाम से प्रसिद्ध हुआ और श्राद्ध के दिनों में गयाजी के दर्शन मात्र करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## किसान संघ की शिकायत पर एसडीएम ने की कार्रवाई

गंज बासौदा। भारतीय किसान संघ ने किसान पुष्पेन्द्र रघुवंशी की शिकायत पर प्रशासन को अवगत कराया था। जिसके बाद खरीदी केंद्र प्रभारी वेयरहाउस प्रभारी के खिलाफ फूड इंस्पेक्टर, एसडीएम के द्वारा पंचनामा बनाकर कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेवा सहकारी समिति खरपरी के उपार्जन केन्द्र पर चल रही अनियमितताओं, अव्यवस्थाओं एवं भ्रष्टाचार को लेकर सेवा सहकारी समिति खरपरी के गेंहू उपार्जन जेन्द्र पर केन्द्र प्रभारी संतोष चोबे, वेयर हाऊस, संचालक संतोष अहिरवार, मनीष श्रीवास एवं हम्माल मुकद्दम सभी लोग मिलकर किसानों के साथ अभद्र व्यवहार व खुलेआम भ्रष्टाचार कर रहे है। किसानों से ट्राली पास करने के नाम पर 2000 रूपये मांगे जाते हैं । सेम्पल के नाम पर प्रत्येक ट्राली पर 5 से लेकर 10 किलों तक गेंहूँ लिया जाता है। हम्माल भी प्रत्येक ट्राली पर किसान से 10 से 15 किलो गेंहूँ ले रहे हैं। वेयर हाऊस इंचार्ज व कर्मचारी विना टोकन के ट्राली पैसे लेकर तुलवा रहे हैं। केन्द्र पर लाईट, टेन्ट, पानी आदि की कोई व्यवस्था नहीं है। किसानों से ओव्हर टाईम के नाम पर वेयर हाऊस कर्मचारीयों व हम्मालों द्वारा प्रत्येक ट्राली तोलने के 2000 रूपये मांगे जा रहे हैं।साथ ही वेयर हाऊस इंचार्ज संतोष अहिरवार व कर्मचारी मनीष श्रीवास को पैसे न देने के कारण एक ट्राली गेंहूँ शुकवार की शाम 4 बजे से फड पर आज दिनांक तक पड़ा हुआ है चूंकि रात में केन्द्र पर लाईट की व्यवस्था न होने के कारण रात में चोरी होने का डर बना हुआ है। सौंपे गए ज्ञापन में उचित जांच व कानूनी कार्रवाई किए जाने एवं भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मचारियों को दण्डित कर सेवा समाप्त की जाने की मांग की गई।

## जन्म-मृत्यु पंजीयन में लापरवाही पड़ेगी महंगी

**टीकमगढ़।** जन्म-मृत्यु जैसे संवेदनशील दस्तावेजों की अनदेखी अब नागरिकों को भारी पड़ सकती है, क्योंकि मध्यप्रदेश शासन ने इस विषय में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करते हुए पंजीयन की प्रक्रियाओं में संशोधन कर दिया है। शासन द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार, मध्यप्रदेश जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2024 के तहत 1 जनवरी 2025 से संशोधित शुल्क व्यवस्था लागू कर दी गई है।इस व्यवस्था के तहत, यदि कोई नागरिक अपने परिजन के जन्म या मृत्यु की सूचना तय समय-सीमा के भीतर नहीं देता है, तो उसे अब विलंब शुल्क चुकाना होगा। घटना घटने के तीस दिनों के भीतर यदि सूचना दी जाती है, तो मात्र 20 रुपये विलंब शुल्क के साथ पंजीयन संभव होगा। लेकिन यदि यह अवधि तीस दिन से अधिक और एक वर्ष से कम हो जाती है, तो पंजीयन अब जिला रजिस्ट्रार की लिखित अनुमति से ही हो सकेगा, जिसके लिए 50 रुपये शुल्क और निर्धारित प्रारूप में दस्तावेजों की अनिवार्यता तय की गई है।
कठोर कदम उठाए जाएंगे।

## विज्ञान मंथन यात्रा के लिए दल रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रदेश शासन की एमपी काउंसलिंग ऑफ साइंस टैक्नालॉजी विज्ञान भवन भोपाल द्वारा कक्षा नौ से बारहवीं के छात्रों के लिए आयोजित विज्ञान मंथन यात्रा 21 अप्रैल से शुरू हो चुकी है। इस वर्ष विज्ञान मंथन यात्रा के लिए विदिशा जिले से चयनित कुल 35 छात्रों में से स्थानीय सैंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल से सर्वाधिक 28 छात्रों एवं संस्था की विज्ञान शिक्षिका कुमारी प्रियंका अग्रवाल का चयन हुआ है। स्थानीय रेलवे स्टेशन से विज्ञान मंथन यात्रा के लिए चुने गए छात्र-छात्राओं एवं विज्ञान शिक्षिका प्रियंका अग्रवाल को विद्यालय परिवार द्वारा शुभकामनाएं देकर रवाना किया गया। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर केएस यादव ने विज्ञान मंथन यात्रा के लिए चयनित शिक्षिका प्रियंका अग्रवाल और छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे सभी वैज्ञानिक संस्थानों का भ्रमण करने, वर्तमान में हो रहे वैज्ञानिक शोध एवं आधुनिक तकनीक से अवगत होने के साथ विज्ञान के क्षेत्र में समाज और देशहित में नये वैज्ञानिक शोध और प्रयोग कर अपना, अपने माता पिता और अपने शहर का नाम रोशन करें। संस्था प्राचार्य उमेशचंद्र यादव ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान मंथन की यह यात्रा शोध का प्रथम सोपान बनना चाहिए। चयनित विज्ञान शिक्षिका प्रियंका अग्रवाल ने बताया कि इस यात्रा में चंडीगढ़ और दिल्ली की ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक संस्थानों की यात्रा कराई जाएगी। यह यात्रा 21 से 27 अप्रेल तक संचालित हो रही है। यात्रा पश्चात विज्ञान यात्रा आधारित टेस्ट होगा, जिसमें से 60 चयनित छात्र-छात्राओं को विज्ञान छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। ज्ञात हो कि सैण्ट एसआरएस स्कूल के 28 बच्चों को इस यात्रा के लिए चयनित किया गया है। जिसमें कक्षा दसवीं से 15, कक्षा 11 से 6 एवं कक्षा 12 से 7 छात्र-छात्राएं चयनित हुए हैं। खास बात यह है कि जिले से कुल 35 छात्रों का चयन हुआ, जिसमें 28 छात्र-छात्राएं सैण्ट एसआरएस स्कूल से है।

संस्था के शिक्षक परिवार और अभिभावकों ने छात्र-छात्राओं को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर केएस यादव, सुधा यादव, उप प्राचार्य रजनी गुप्ता, विज्ञान शिक्षिका डॉ कमला चतुर्वेदी, डॉ विजय जैन, डॉ अमर सिंह ठाकुर, सोनू राय, अनुज गुप्ता, कृष्णपाल सिंह चौहान, सुपार्श जैन, हेमलता शर्मा, दीपेश मीणा, दिनकर कद्रे सहित अन्य कर्मचारियों ने सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक प्रियंका अग्रवाल को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं पालकगण मौजूद रहे।

## बंगाल में हिंदू लक्षित हिंसा के विरोध में विश्व हिंदू परिषद का प्रदर्शन, सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन



**टीकमगढ़।** पश्चिम बंगाल में विगत दिनों से वक्फ अधिनियम की आड़ में हो रही हिंदू लक्षित हिंसा और दंगों को लेकर देशभर में आक्रोश व्याप्त है। इसी क्रम में 21 अप्रैल, सोमवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने टीकमगढ़ जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति शासन की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि पश्चिम बंगाल में हो रही सांप्रदायिक हिंसा से हजारों हिंदू परिवार पीड़ित हैं, जिन्हें अपने ही राज्य में निर्वासन की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। राज्य सरकार की भूमिका पूर्णतः निष्क्रिय और पक्षपातपूर्ण रही है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति पर कार्य कर रही है। परिषद का कहना है कि जब तक राज्य में ऐसी हिंदू विरोधी सरकार सत्ता में है, तब तक हिंदू समाज की सुरक्षा, सम्मान और संपत्ति सुरक्षित नहीं रह सकती। अतः राष्ट्रपति शासन लागू कर संविधान के तहत हिंदू समाज के अधिकारों की रक्षा की जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में विहिप एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नारेबाजी करते हुए उन्होंने बंगाल सरकार की नीतियों की आलोचना की और केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।
ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने चेताया।

### मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने मगन दुबे को दिया इंद्रेश कुमार सम्मान

# वक्फ कानून के समर्थन में मुस्लिम मंच ने की नुक्कड़ सभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण एवं हितार्थ वक्फ बोर्ड कानून में आवश्यक एवं अपेक्षित सुधार करते हुए वक्फ बोर्ड अधिनियम 2025 लागू किया गया है। इसी को लेकर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा देशभर में वक्फ संसोधन विधेयक जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत पीडबल्यूडी रेस्ट हाऊस के पास एक नुक्कड सभा का आयोजन कर वक्फ संशोधन कानून के लाभ बताऐ गये। नवीन वक्फ संशोधन बिल के समर्थन में द्वारा चलाए जा रहे जन जागृति अभियान के तहत मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने देशवासियों से अपील की है कि विरोध करना उनका संवैधानिक अधिकार है। परंतु इस नए वक्फ संशोधन बिल का विरोध करने से पहले वो कानून को पढ़े और समझे फिर कानून के बारे में कुछ कहें किसी भी देश विरोधी साजिश की टूलकिट का हिस्सा ना बने जो लोग मुसलामानों से कानून का विरोध करने के लिए कह रहे हैं। वह पहले अपने बच्चों को विरोध आंदोलन में भाग लेने के लिए भेजें फिर हमारे बच्चों को मांगे।

वरिष्ठ नेता समीर किरमानी ने कहा इस कानून से कब्रिस्तान दरगाह मस्जिद व इमाम किसी को कोई खतरा नही है किसी को अगर खतरा है तो वो वक्फ माफिया को है। देश को आजादी तो सन 1947 में मिल गई लेकिन कौम को वक्फ माफिया से आजादी इस नए कानून से मिलेगी। काजी साहब सैयद शोएब हुसैन ने कहा हम मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार जी के संरक्षण में वक्फ माफिया को कानूनी हथियारों से उखाड़ फेंकेंगे। इसलिए पूरे देश मे मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ गोष्ठियां और सभाएं कर रहा है। इस साल का इन्द्रेश कुमार गौ सेवा सम्मान अग्रणी समाजसेवी गरीबों, यतीमों के हमदर्द मगन दुबे को शाल श्रीफल व पुष्प मालाऐं पहनाकर दिया गया। इससे पूर्व इस सम्मान से साहित्यकार संघ के संरक्षक बद्री प्रसाद नेमा, भारतीय योग समिति अध्यक्ष चंद्र कुमार तारण, वरिष्ठ शिक्षाविद सैयद असद अली साहब, वरिष्ठ मुस्लिम विद्वान हाजी इजराइल साहब सम्मानित हो चुके है। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच यह सम्मान प्रतिवर्ष समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवी को प्रदान करता है। कार्यक्रम पश्चात वरिष्ठ नेता मरहूम सैयद शराफत हुसैन कादरी की पुण्यतिथि के अवसर पर गरीबो यतीमों, विधवाओं व अनाथों को भोजन प्रसादी भी वितरण किया गया। इस अवसर पर मूलचंद कुशवाह, राकेश रघुवंशी, नीरज कटारे, राजू भाई, लीला भाई, शकील अहमद खान, सैयद सरवर अली, अकरम अली खान, सैयद अकरम अली, हसनैन हुसैन सहित मंच के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# प्यासे कंठ को पानी पिलाना बहुत बड़ा पुण्य कार्यः डॉ. एके जैन




**गंजबासौदा।** मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन द्वारा नगर के प्रवेश द्वार स्थित कमलदीप अकादमी में निशुल्क जल सेवा का 15 वां वर्ष है। इस वर्ष इस सेवा के शुभारंभ अवसर पर नगर के समाजसेवियों को मोती माला पहनाकर सम्मान किया गया। प्यासे कंठ को पानी पिलाने से बड़ा कोई उपकार नहीं है क्योंकि इस भीषण गर्मी में ठंडा पानी का इंतजाम होना भी सभी जगह असंभव है। शहर में विभिन्न संस्थाओं द्वारा मुख्य स्थान पर जल सेवा का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। यह बात सोमवार को नगर के प्रवेश द्वार स्थित कमलदीप अकादमी परिसर में मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर ए के जैन ने निशुल्क जल सेवा के 15 वें वर्ष के शुभारंभ अवसर पर कही। निशुल्क जल सेवा का उद्घाटन मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन के पदाधिकारी जिला अध्यक्ष गणेश राम रघुवंशी, जिला सलाहकार हरी बाबू अग्रवाल, समाज सेवी डॉक्टर आरसी शर्मा ,समाजसेवी आरजी गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने किया। इस मौके पर जिला प्रभारी नितेश जैन, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रकाश वाधवानी, विशाल तनवानी, डॉक्टर एसके सेन, डॉक्टर जितेंद्र रघुवंशी, शैलेंद्र शर्मा, उप प्राचार्य सत्यम शर्मा सहित समस्त स्टॉफ सहित नागरिकगण मौजूद रहे। अंत में आभार मुकेश जैन ने व्यक्त किया।

## शहर में पानी की बर्बादी पर सख्ती, फोर्ट व्यू होटल रोड व वार्डों में की गई कार्रवाई

**टीकमगढ़।** नगर पालिका परिषद द्वारा पेयजल संरक्षण को लेकर अब सख्त रुख अपनाया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदोरिया के निर्देशानुसार फोर्ट व्यू होटल के ऊपर की सड़क स्थित टंकी की सफाई कराई गई। साथ ही शहर के विभिन्न वार्डों में जिन घरेलू नलों से व्यर्थ पानी बह रहा था, उन पर चालानी कार्रवाई की गई।साथ ही सभी ऐसे नलों में टोटियाँ लगवाने का कार्य भी नगर पालिका की ओर से किया गया, जिससे अनावश्यक जल अपव्यय पर रोक लगाई जा सके। नगर पालिका ने नागरिकों से भी अपील की है कि पानी की हर बूंद की कीमत समझें और उसका दुरुपयोग न करें।जल संकट की गंभीरता को देखते हुए नगर प्रशासन द्वारा यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### सीरोठिया के नौ काव्य संग्रहों का विमोचन 27 को

**सागर।** वरिष्ठ साहित्यकार गीतऋषि डॉ श्याम मनोहर सीरोठिया के नौ काव्य संग्रहों का श्यामलम एवं गवेषणा के संयुक्त तत्वाधान में विमोचन आगामी 27 अप्रेल रविवार को शाम 4 बजे से वरदान होटल सिविल लाइन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शैलेन्द्र जैन, अध्यक्ष डॉ. खेम सिंह डहेरिया कुलपति अटलविहारी वाजपेयी हिंदी वि.वि. भोपाल, विशिष्ट अतिथि डॉ अजय तिवारी कुलाधिपति स्वामी विवेकानांद वि.वि. सागर रहेंगे। गरिमामय सान्निध्य इंजी रमेश चौरसिया कल्पधाम ग्रुप एवं कवि ब्रजेश त्रिवेदी नर्मदापुरम का रहेगा। डॉ सीरोठिया के काव्यग्रंथों में दो चतुष्पदी संग्रहों पर आलेख वाचन डॉ सुश्री शरद सिंह, दो कुंडलिया संग्रहों, एक भक्ति दोहा संग्रह एवं एक सोरठा संग्रह पर आलेख वाचन डॉ लक्ष्मी पाण्डेय, दो मुक्तक संग्रहों, एवं एक हास्य-व्यंग्य कविता संग्रह पर डॉ सुजाता मिश्रा द्वारा आलेख वाचन किए जाएँगे।

### पद्म पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन प्रक्रिया 30 जून तक

**सागर।** भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कारों हेतु नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इसके तहत मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग द्वारा विकसित पोर्टल के माध्यम से जिला स्तर से योग्य व्यक्तियों के नामांकन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। ऑनलाइन नामांकन दर्ज करने की प्रक्रिया एवं सभी आवश्यक दस्तावेज पोर्टल पर 30 जून तक अपलोड किए जाने चाहिए। तकनीकी सहायता के लिए संबंधित अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। विभाग ने सभी जिलों से अपील की है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से योग्य एवं प्रतिभाशाली व्यक्तियों का चयन कर समयसीमा में नामांकन सुनिश्चित करें।

### 4 दर्जन गाड़ियों के काफिले के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंची सांसद वानखेड़े

# सांसद डॉ. लता वानखेडे का ग्राम बगरोदा में हुआ ऐतिहासिक स्वागत

### क्षेत्र में रेलवे लाइन, सवांद केंद्र व ग्राम बगरोदा को गोद लेने की सासंद ने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



सागर सिरोंज संसदीय क्षेत्रीय सांसद डॉ लता वानखेडे के विदेश यात्रा से लौटने एंव काफी लंबे समय का बाद संसदीय क्षेत्र का दौरा कार्यक्रम ग्राम बगरोदा में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सांसद डॉ लता वानेखेडे ने विशेष रूप से सिरोंज लटेरी क्षेत्र में रेलवे लाइन व सिरोंज में सांसद संवाद केन्द्र प्रारंभ करने व ग्राम बगरोदा को गोद लेने व अन्य प्रमुख मांगो की घोषणा की। वही इस ऐतेहासिक एंव भव्य कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता मान सिंह रघुवंशी रहें। तो वही 4 दर्जन कारो के काफिले के साथ सांसद डॉ लता वानखेडे कार्यक्रम में स्थल पहुची। जहां कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य आतिशबाजी के साथ पुष्पमालाओं से सांसद का अभूतपूर्व स्वागत सम्मान किया गया। ग्राम बगरोदा में जैसे ही सांसद का प्रवेश हुआ तो कन्याओं द्वारा सांसद डॉ लता वानखेडे की कलश रखकर आरती उतारकर आगवानी की गई। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद डॉ लता वानखेडे ने कहा कि इस ऐतेहासिक स्वागत समारोह को देखकर में अभूतपूर्व हूं। उन्होने कहा कि ग्राम बगरोदा का लोकसभा चुनाव में मुझे विशेष आर्शीवाद मिला था।

#### जनता के आशीर्वाद से ही मिला भारत का नेतृत्व करने का मौका

*इस अवसर सांसद डॉ लता वानखेडे ने कहा कि आप सभी जनता जनार्दन के आर्शीवाद के कारण ही ताशकंद उज्बेकिस्तान में आयोजित पांच दिवसीय अंतर संसदीय संघ की विदेश यात्रा में मुझे पूरे भारत देश का नेतृत्व करने का मौका मिला। मैने जब संसदीय संघ के कार्यक्रम में पहुचकर देश का नेतृत्व किया तो मुझे भी अपने आप में गर्व हुआ। उन्होने कहा कि हमारे देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे आज विकास की गाडी जो तेज स्पीड में चल रही है। इससे देखकर ऐसा लगता है कि आने वाले कुछ समय बाद छोटे छोटे ग्राम भी शहरो की तरह नजर आएगें। क्योकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पीएम आवास योजना के माध्यम से आज देश के प्रत्येक राज्य,जिला,शहर व ग्रामो में कच्छे घरों को मिटाकर उनकी जगह पक्के आसियाने बनाकर खडें कर दिये है। वही हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा भी प्रदेशवासियो के लिए अनेको योजनाए चलाकर हर व्यक्ति को हर क्षेत्र में लाभ दिया जा रहा है। साथ ही प्रदेश के विकास में मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा कोई भी कसर नही छोडी जा रही है। यदि आज की स्थिति को देखा जाए तो पहले आम नागरिक चिकित्सा हो या शिक्षा व अन्य सुविधाओं के लिए अन्य प्रदेशो में जाने के लिए मजबूर था। लेकिन भाजपा की डबल इंजन की सरकार द्वारा प्रदेशवासियो के लिए हर सुविधा का लाभ प्रदेश व अपने क्षेत्र में ही मिल रहा है। जिस कारण आम नागरिको को अपने काम के लिए जहा वहा भटकना नही पड रहा और उनका काम भी पहले के मुताबिक कम समय में हो रहा है।*

#### सिरोंज में जल्द होगा संवाद केन्द्र प्रारंभ

*ग्राम बगरोदा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद डॉ लता वानखेडे ने कहा कि सिरोंज से सागर की दूरी काफी अधिक है। जिस कारण कार्यकर्ता और आम नागरिको को सागर तक पहुचना काफी परेशानी दायक रहता है। इसलिए सिरोंज क्षेत्र में जनता की समस्याओं को सुनने और उन समस्याओं के समाधान के लिए संवाद केन्द्र प्रारंभ किया जाएगा। जिससे की सिरोंज क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान में तेज गति से हो पाएगा।*

### एसडीएम चौधरी का एक्शन

## वेयर हाऊसों का निरीक्षण करके कर्मचारियों को दी सख्त चेतावनी



**सिरोंज।** विगत दिनों पूर्व निधि वेयर हाऊस पर किसानो की ट्राली पास करने को लेकर ली जा रही रिश्वत की सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुई। तो वही रिश्वतखोरी की घटनाओं पर रोक लगाने सोमवार को एसडीएम हर्षल चौधरी एक्शन में नजर आए उन्होने क्षेत्र के महामाई वेयर हाऊस,वैभव वेयर हाऊस सहित अनेको वेयर हाऊसो पर पहुचकर निरीक्षण किया। साथ ही वेयर हाऊसो पर पदस्थ कर्मचारियो को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानो से किसी भी तरह की पैसे की मांग की गई और जिसकी जानकारी मेरे तक पहुची तो उक्त कर्मचारी के खिलाफ कठोर कार्यवाही तो होगी ही साथ ही पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।



### अस्पताल का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**सिरोंज।** सोमवार को एसडीएम हर्षल चौधरी ने शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय पहुचकर जनरल वार्ड,ओपीडी सहित अन्य वार्डो का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजो से चर्चा कर मरीजो को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। साथ ही डॉक्टरों को चिकित्सा व्यवस्था में सुधार लाने की बात कही।

## 23 को सिरोंज में लगेगा हज यात्रियों का जिला स्तरीय वैक्सिनेशन कैम्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मप्र राज्य हज कमेटी के चैयरमेन रफत वारसी एवं मप्र राज्य हज कमेटी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ फरज़ाना गज़ाला के निर्देशानुसार 2025 में जिला विदिशा से हज यात्रा पर जाने वाले लगभग 134 हज यात्रीयों के लिए वैक्सिनेशन कैम्प एवं प्रशिक्षण का आयोजन जिला हज कमेटी द्वारा सिरोंज में होगा।

इस अवसर पर जिला हज कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ रजी खान ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य हज कमेटी से जिला हज कमेटी के अध्यक्ष सैयद नदीम अली द्वारा हज यात्रा पर जाने वाले हज यात्रायों को वैक्सिनेशन एवं प्रशिक्षण दिलाने संबंधित निर्देश प्राप्त हुए थे। जिसके चलते जिला हज कमेटी द्वारा लिए निर्णय अनुसार जिला स्तरीय प्रशिक्षण एवं वैक्सिनेशन कैम्प सिरोंज में 23 अप्रैल को सुबह 9 बजे से तालाब के पास स्थित लेक सिटी कॉलोनी हाल में आयोजित होगा।

इसके साथ ही राज्य हज कमेटी द्वारा नियुक्ति हज प्रशिक्षक डॉ.फारूख बैग हज यात्रीयों को महत्वपूर्ण प्रशिक्षण देंगे। जिससे हज यात्रा पर जाने वाली हज यात्रीयों की राह आसाना होगी। प्रशिक्षण को लेकर जिला हज कमेटी अध्यक्ष सैयद नदीम अली ने सिरोंज पहुंचकर प्रशिक्षण की तैयारीयों का जायज़ा लिया। साथ ही हज यात्रियो की खिदमत में कार्य कर रहे वरिष्ठ जनों से मुलाकात की। इस वैक्सिनेशन कैम्प एवं प्रशिक्षण में सिरोंज सहित जिले भर के हज यात्री शामिल होंगे।

## बीपी और शुगर कंट्रोल रखने के लिए खान-पान पर ध्यान देने की काफी आवश्यकता: डॉ सचिन चितावर

### मप्र मीडिया संघ के तत्वावधान में निशुल्क मधुमेह जांच एवं उपचार शिविर लगा

**सिरोंज।** मध्य प्रदेश मीडिया संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सलमान अमीन द्वारा 360 डिग्री डायबिटीज केयर के तत्वाधान में निशुल्क मधुमेह जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन लटेरी रोड स्थित मंशापूरन मंदिर के सामने किया गया।



जिसमें भोपाल की प्रसिद्ध डॉक्टर सचिन चितावर द्वारा नगरवासियो को डायबिटीज के इलाज के बारे में जानकारी दी और निशुल्क उपचार दिया गया। शिविर में डायबिटीज थायराइड मोटापा ग्रोथ हार्मोन की कमी पर चेहरे पर अनचाहे बाल होने वाले काफी मरीज का निशुल्क उपचार दिया गया एवं निशुल्क जांच बीपी शुगर की जांच की गई। डॉ सचिन चितावर ने उपस्थित मरीजों से बातचीत करते हुए बताया कि बीपी शुगर कंट्रोल रखने के लिए खान-पान पर ध्यान देने की काफी आवश्यकता है एक बार में पूरी तरह पेट भरकर भोजन न करें और समय पर सोए और समय पर उठकर एक्सरसाइज टहलना आदि के बारे में जानकारी दी गई। उन्होने कहा कि आजकल शुगर के पेशेंट काफी संख्या में बढ़ रहे हैं इसका सीधा-सीधा उदाहरण खान-पान पर ध्यान ना देना बाजार में बिक रही खाद्य सामग्री पर भी हमें ध्यान देना चाहिए अच्छी क्वालिटी की साम्रगी खरीद कर ही इस्तेमाल करना चाहिए।

### महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों के द्वारा किया जा रहा पेयजल गुणवत्ता का परीक्षण

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार अमृत 2.0 योजना अंतर्गत नगर निगम में दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्व सहायता समूहों की सदस्यों के द्वारा अमृत मित्र के रूप में कार्य कर नगरीय क्षेत्र के घरों में जाने वाले पेयजल की गुणवत्ता का परीक्षण किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार शहर के प्रत्येक घर में पहुंचने वाले पेयजल की गुणवत्ता की जांच नगर निगम सागर अंतर्गत गठित एवं चयनित स्वसहायता समूह के सदस्यों के द्वारा किया जाना है। उक्त कार्य हेतु नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशन में 08 स्वसहायता समूहों के 16 सदस्यों का चयन कर उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान कर घरों में पहुंचने वाले पेयजल की गुणवत्ता का परीक्षण कराया जा रहा है।

## बापौली शिवधाम में आज से होगा रुद्राभिषेक एवं वामन महापुराण कथा का आयोजन

### ब्रह्मलीन गुरुजी की 27वीं पुण्य तिथि पर होने जा रहे हैं अनेक कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

दशको तक विन्ध्य पर्वत की तलहटी में ब्रम्हलीन बापौली वाले गुरूजी ने साधना तपस्या की। प्राचीन बापौली शिवधाम की ख्याति संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र मे बनी हुई है। ब्रम्हलीन पू. सच्चिदानंदधन गुरूजी की 27वीं पुण्य तिथि पर आज मंगलवार 22 अप्रैल से 28 अप्रैल सोमवार तक सात दिवसीय रूद्राभिषेक एवं वामनपुराण कथा का आयोजन बापौली धाम में शुरू हो रहा है।

पू. गुरूजी के परम शिष्य महामण्डलेश्वर पू. विष्णुदत्त जी ब्रम्हचारी मांगरोल धाम के श्रीमुख से क्षेत्र के धर्म प्रेमियों को प्रतिदिन श्रीमद वामन महापुराण कथा श्रवण का अवसर प्राप्त होगा। इसी के साथ बापौली धाम मंदिर के प्रांगण में रूद्राभिषेक का भी विशेष कार्यक्रम प्रतिदिन होगा। जिसकी मंदिर ट्रस्ट की ओर से व्यापक तैयारियां की गई है। मंदिर से जुडे भक्तों श्रद्धालुओं में भारी उत्साह बना हुआ है।

**तपस्यालीन लाल बाबाजी :** बापौली शिवधाम अपने शांत और सुरम्य माहौल के लिए जाना जाता है। जहॉ दशको तक ब्रम्हलीन पू. गुरूजी ने साधना तपस्या की कहा जाता है कि उनके तप प्रभाव से शेर भी उनके निकट बैठा रहता था। बापौली धाम में एक दशक से अधिक समय से लाल बाबा जी जम्मू वाले महाराज सूर्योदय से सूर्यास्त तक मौन धारण कर वर्षो से कठिन साधना और तपस्या कर रहे है। बापौली धाम में गौशाला संस्कृत पाठशाला का भी दशकों से सफलतापूर्वक संचालन कर सनातन संस्कृति संस्कृत का प्रचार प्रसार और गौ माता की सभी सुविधाओं से परिपूर्ण गौशाला में निरंतर सेवा की जा रही है।



### तेंदुओं की खबर लगते पहुंचा वन विभाग

## दिमाडा ग्राम के आसपास हैं 2 तेंदुआ, खेत में दिखे पगमार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



पिछले वर्ष भी ग्राम दिमाडा के आसपास अनेक दिनों तक ग्रामीण और कृषि मजदूर तेंदुआ की दहशत में बने रहे थे। 19 अप्रैल की रात में कृषक नेपाल सिंह के खेत में दो तेंदुआ दिखने से ग्रामीण और कृषि मजदूर दहशत में आ गए है। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम ग्राम और मौके पर पहुंची जहॉ खेत में तेंदुआ के पगमार्क भी मिले। पगमार्क की जांच में एक बडा और एक छोटा तेंदुआ की मूवमेंट मिली।

बाड़ी और बम्होरी रेंजो को मिला कर दशको पूर्व सिंघोरी अभ्यारण बनाया गया था। बाड़ी, बरेली तहसीलों का अधिकांश जंगली क्षेत्र सिंघोरी अभ्यारण के अंतर्गत आता है। बारना, घोघरा नदियों के साथ दर्जनों छोटे बडे नाले और नर्मदा मैया तक क्षेत्र फैला हुआ है। बारना बांध की नहरें सेकडो कि.मी. फैली और गांव-गांव खेतो तक जाती है। पिछले वर्ष भी दिमाडा ग्राम में तेंदुआ दिखलाई दिया था। एक बार पुनः ग्राम दिमाडा के खेतो में दो तेंदुओं की हलचल और दिखलाई देने से ग्रामीण दहशत में आ गए है।

निरंतर अभ्यारण क्षेत्र में विभिन्न प्रजाति के वृक्षों की कटाई से विभिन्न प्रकार के वन्य प्राणियों के सुरक्षित ठिकाने नहीं बच रहे। गर्मी में पानी की तलाश और पत्थरो का जंगल तप जाने से वन्य प्राणी मैदानी क्षेत्र में पलायन करने लगते है।

## युवा व्यवसायी पवन सिंघई की हार्ट अटैक से हुई मौत

### छाया मातम, शोकसभा कर दी श्रद्धांजली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

हमेशा खुशमिजाज रहने वाले नगर के प्रतिष्ठित सिंघई परिवार के पवन सिंघई का एक विवाह समारोह में अचानक हार्ट अटैक आ जाने से दुखद मृत्यु हो गई। सोमवार को श्रद्धांजली सभा का आयोजन हुआ। जिसमें क्षेत्र के विधायक प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, नपं. अध्यक्ष हेमन्त चौधरी, उपा. नेपाल सिंह राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता हरनाम सिंह राजपूत, व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष हीरेन्द्र मालवीय, जैन समाज के अध्यक्ष आशीष जैन, ठाकुर सिंह पटेल, पवन रघुवंशी इत्यादि की विशेष उपस्थिति में दिवंगत पवन सिंघई को भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की गई।

#### अचानक हुई मौत

नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी परिवार में जन्मे पवन सिंघई की शिक्षा दीक्षा बरेली में हुई। स्व. पवन जैन के पिता स्व. गुलाबचंद जैन द्वारा 1960 के दशक में गजरथ महोत्सव कराया था। सिंघई परिवार विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों का संचालन करता है। पवन सिंघई का 18 अप्रैल की रात में एक विवाह समारोह जिसमें भारी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक, जैन समाज के नर-नारी और राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल उपस्थित थे। अचानक हार्ट अटैक आया और मृत्यु हो गई।

#### मौनधारण कर दी श्रद्धांजली

सोमवार को आयोजित शोक श्रद्धांजली सभा में नगर के गणमान्य नागरिकों विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों, व्यापारियों, राजनैतिक दलों के कार्यकर्ताओं और जैन समाज के नर-नारियों की उपस्थिति में हुई शोक सभा में वक्ताओं द्वारा स्व. पवन सिंघई के सदाबहार, मुस्कुराते चेहरे और बातों का स्मरण करते हुए शोक सम्वेदना व्यक्त की गई। सभी के द्वारा मौन धारण कर मृततात्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजली अर्पित की गई।

### नगर का दूषित जल तथा गंदगी घोघरा नदी से होते हुए नर्मदा मैया में मिल रही

# प्राचीन जलस्त्रोतों कुंआ, बाबड़ी और घोघरा नदी की उपेक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

सरकार का प्रयास कि जल गंगा अभियान के माध्यम से पुराने कुंआ, बाबडी नदी नालों का संरक्षण हो, जन भागीदारी, नगरीय निकायों एवं ग्रापं. द्वारा इसकी पहल की जाए, जिससे वर्षा जल को भूमि में पहुंचाया और निरंतर गिर रहा भू-जल स्तर ठीक किया जा सके। नगर की पुरानी बस्ती में आधा दर्जन से अधिक प्राचीन कुंआ और एक बाबडी है, जो कभी नगर के निवासियों की जलापूर्ति किया करते थे।

नगर के निकट से निकली घोघरा नदी में दशको पूर्व तक भरपूर पानी रहा करता था। घोघरा नदी में नहाने युवाओं की टोलियां पहुंचा करती थी। नदी के विभिन्न घाटो पर महिलाओं की नहाने और कपडे धोने, सुबह से भीड लगा करती थी। घोघरा नदी अब गंदे गंदगी से लबरेज नाले में बदल गई है।

प्रतिदिन हजारो लीटर गंदा पानी सीधे घोघरा नदी के माध्यम से 9 कि.मी. नर्मदा मैया में पहुंच रहा है। नगर की संपूर्ण गंदगी कचरा भी घोघरा नदी किनारे मुक्तिधाम के सामने प्रतिदिन डम्प किया जाता है।



#### उपेक्षा का शिकार कुंआ, बाबडी

जल गंगा अभियान की नपं. द्वारा घोघरा नदी के किनारे हनुमान गढ़ी से शुरूआत की गई। नगर के बडा बाजार में मस्जिद से लगा हुआ प्राचीन कुंआ कभी नगर की जल प्रदाय योजना का मुख्य श्रोत हुआ करता था। टाकीज के पीछे का प्राचीन कुंआ अतिक्रमण की आड में वर्षो तक दिखलाई नहीं दिया। अतिक्रमण हटा तो कुंआ दिखलाई देने लगा परंतु आसपास की सरकारी भूमि पर कच्चा पक्का अतिक्रमण होने से कुंआ तक पहुंचना कठिन और जोखिम भरा बना हुआ है। माता मंदिर रोड पर एक प्राचीन कुंआ अतिक्रमण के कारण दिखलाई देना ही बंद हो गया, इसे सेठा वाले कुंआ के नाम से जाना जाता था। पुराने बगलवाडा रोड पर कभी एक धर्मशाला और लगा हुआ बडा प्राचीन कुंआ अब गायब सा हो गया है। इसी प्रकार तहसील प्रांगण का कुंआ निरंतर उपेक्षा का शिकार होकर अब लोगो को नजर आना बंद हो गया है। प्राचीन बाबडी जिसके नाम पर ही बाबडी मोहल्ला नाम पडा, निरंतर उपेक्षा का शिकार बनी हुई है। सभी जल श्रोत अपने समय में लोगो की प्यास बुझाने के साथ नगर निवासियों की जलापूर्ति किया करते थे। यदि इनका जीर्णोद्धार हो जाए तो बहु उपयोगी होने के साथ भूमि का जल स्तर बढाने के काम आ सकते है।

#### ट्रीटमेंट प्लांट, स्टॉप डेम भी है जरूरी

*नगर के साथ ग्रामों की गंदगी, गंदा पानी प्रतिदिन घोघरा नदी के माध्यम से नर्मदा मैया में मिल कर जल को प्रदूषित और गंदगी बढा रहा है। इसलिए घोघरा नदी किनारे गंदे पानी को साफ करने ट्रीटमेंट प्लाट लगाना अतियन्त जरूरी है। वही घोघरा नदी को बचाने नगर में निरंतर गिरते भू-जल स्तर को थामने घोघरा नदी के साथ अन्य नालों पर स्टाप डेम निर्माण कर पानी को रोका जा सकता है। जल गंगा अभियान जारी है, क्या जन भागीदारी, जागरूकता से नगर के प्राचीन जल श्रोतों और घोघरा नदी के संरक्षण साफ सफाई, गहरीकरण केप्रयास होगे इंतजार बना हुआ है।*

**खबर संक्षेप**

## पोषण वाटिका का एक दिवसीय प्रशिक्षण



**दीवानगंज।** रविवार को पोषण वाटिका का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें वेलस्पन फाउंडेशन के वेल स्वास्थ कार्यक्रम के अंतर्गत निवसीड बचपन संस्था के द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र में पोषण वाटिका का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ एम के सिंह, डॉ निधि जोशी द्वारा पोषण वाटिका घर में किस प्रकार से लगा कर अपने दैनिक जीवन में पोषण वाटिका का उपयोग करने की जानकारी दी गई। साथ ही अपने परिवार के स्वास्थ्य व बचत के बारे में भी जानकारी दी गई। पोषण वाटिका कार्यक्रम में कार्यकम में 40 से अधिक महिलाओं ने लाभ प्राप्त किया।

## जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन कार्य हो रहे



**रायसेन।** प्रदेश के साथ ही रायसेन जिले में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन कार्य में प्राथमिकता में किये जा रहे है। जनसामान्य को भी जल संरक्षण के प्रति जागरूक कर जल संरचनाओं के संरक्षण किये जाने की शपथ भी दिलाई जा रही है। स्कूलों और महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जल के महत्व, जलवायु परिवर्तन के दुषप्रभाव और पौधरोपण के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है। जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में दीवार लेखन के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण और संवर्धन हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी प्रकार स्कूलों में भी जल संरक्षण विषय पर चित्रकलां, निबंध लेखन आदि गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

## टीआई ने विद्यार्थियों को दिए सफलता के टिप्स

**सिलवानी।** नगर के सीएम राइस स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। टीआई पूनम साविता ने विद्यार्थियों से कहा कि वह अपना ध्यान शिक्षा अध्ययन पर ही लगावे। वह लक्ष्य निर्धारित कर अध्यापन कार्य करते हुए सफलता के सौपान स्थापित कर माता, पिता व गुरुजनो का नाम रोशन करें। यहां पर प्राचार्य एनपी शिल्पी, शिक्षक नरेश रघुवंशी, अजय चौरसिया, स्वतंत्र नेमा मौजूद रहें। टीआई ने छात्र छात्राओ से कहा कि गलत काम का प्रतिकार करें। यह समय शिक्षा अध्ययन करने के साथ ही भविष्य निर्माण करें। गलत संगतो में पड़ कर जीवन बर्बाद ना करें बल्कि सफल जीवन के दिखाए जाने वाले झूठे स्वप्न लोक को नजर अंदाज करें। यहां पर उन्होंने बेड टच पर भी विस्तार प्रकाश से डाला तथा कहा कि कोई बुरी नियत से ऐसा करता है तो उसका तत्काल ही प्रतिकार करें।

## दो अलग-अलग हादसों में 7 लोगों की गई जान, 4 गंभीर, एनएच-45 पर हुई दुर्घटनाएं

# दुर्घटना: ड्राइवर को आई झपकी बनी 6 की मौत, 3 गंभीर घायल | बोलेरो की टक्कर से 1 ने तोड़ा दम, 1 जख्मी

सोमवार को नेशनल हाईवे 45 पर दो अलग अलग हादसों में 7 लोगों की जान चली गई, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्राम बम्होरी के पास तेज रफ्तार से आ रही एक टैम्पो ट्रास जीप के ड्रायवर को नींद की झपकी आ जाने से जीप अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराकर 10 फीट नीचे खाई में जा गिरी, जिसमें सवार 9 लोग सवार थे। बताया जाता है कि जीप बारात लेकर बिहार के पटना जिले से इंदौर वापिस लौट रही थी, जिसमें दूल्हा-दुल्हन भी शामिल थे। दुर्घटना में दो साल की मासूम बच्ची के साथ 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दुल्हा-दुल्हन समेत 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

वहीं दूसरी घटना एनएच- 45 पर मारुति पेट्रोलियम बीझा के पास एक तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवार दो भाईयों को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक के दो टुकड़े हो गए तथा हादसे में बड़े भाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छोटा भाई गंभीर घायल हो गया।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भोपाल-जबलपुर रोड एनएच-45 ग्राम बम्होरी ढाबे के पास बंदर वाली पुलिया के पास सोमवार की सुबह लगभग 7 बजे भीषण सड़क हादसे में एक टेम्पो ट्रैक्स 10 फीट नीचे खाई में गिर गई, जिसमें सवार 4 लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई तथा 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत सुल्तानपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रायसेन रेफर कर दिया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान दो लोगों की और मौत हो गई। बाकी तीन गंभीर लोगों का इलाज जारी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मृतकों के शव को पीएम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

कलेक्टर ने जिला अस्पताल पहुंचकर मृतकों के परिजनों को ढांढस बांधी तथा मृतकों के परिजनों को दो लाख रुपए एवं घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने निर्देशित किया है।



### कलेक्टर ने की आर्थिक सहायता की घोषणा

कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा एवं एसपी पंकज पांडे ने जिला अस्पताल पहुंचकर सीएमएचओ तथा सिविल सर्जन को घायलों के उपचार के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर तथा एसपी ने दुर्घटना स्थल का भी निरीक्षण किया और विस्तृत जानकारी ली। साथ ही दुःख की विकट घड़ी में सभी शोकाकुल परिवारों के साथ सरकार की गहरी संवेदनाएं हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से सभी मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रू एवं गंभीर घायलों को 50-50 हजार रू की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने हेतु निर्देश दिए हैं।

### इन लोगों की मौत हुई

- मोहनलाल कुरील पुत्र महावीर प्रसाद (68) वर्ष
- चंदा देवी पुत्र मोहनलाल (60 वर्ष) राजस्थान
- नरेंद्र पुत्र बालाराम चोपड़ा (30 वर्ष) इंदौर
- सरिता पत्नी रवि खोलवाल (25 वर्ष) इंदौर
- तस्वी उर्फ चीनू पुत्री रवि (2 वर्ष) इंदौर
- सुनील (ड्राइवर)

### हादसे में ये 3 लोग हुए घायल

- दीपक पुत्र बालाराम चोपड़ा निवासी उज्जैन
- संगीता पति दीपक चोपड़ा (25) निवासी इंदौर
- रवि खोलवाल पुत्र भगीरथ (27) निवासी इंदौर

### नींद की झपकी आने से हुआ हादसा

*एसपी पंकज कुमार पांडेय के मुताबिक हादसे में दो महिलाओं, एक बच्ची और तीन पुरुषों की मौके पर ही मौत हो गई। शुरुआती जांच में सामने आया है कि ड्राइवर को नींद आने के कारण यह हादसा हुआ। वाहन की रफ्तार काफी तेज थी, ड्रायवर को झपकी आने के कारण गाड़ी अनियंत्रित हो गई, जिससे वह पहले तो पुलिया से टकराई फिर लगभग 10 फीट नीचे खाई में जा गिरी।*

### वाहन में दुल्हा-दुल्हन थे सवार

*बाड़ी एसडीओपी अदिति सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि इंदौर के चंद्र नगर निवासी दीपक पुत्र बालाराम चौपड़ा की बारात बिहार के पटना शहर गई थी, जहां से वापस लौट रहे वाहन टैम्पों ट्रक्स में दुल्हा-दुल्हन सहित 9 लोग सवार थे। हादसे में 6 लोगों की मौत हुई है, वहीं दुल्हा-दुल्हन एवं दूल्हे का जीजा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनको जिला अस्पताल रायसेन से भोपाल के हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। ड्राइवर इंदौर का निवासी है जबकि दूल्हे के अन्य परिजन राजस्थान के रहने वाले हैं।*

### हालत गंभीर होने पर छोटे भाई को भोपाल किया रेफर

## डीजल लेकर लौट रहे दो भाइयों को बोलेरो ने मारी टक्कर बड़े भाई की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

नेशनल हाईवे-45 पर मारुति पेट्रोलियम बीझा के पास एक तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवार दो भाईयों को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक के दो टुकड़े हो गए और खेत में जा गिरी। हादसे में बड़े भाई की मौत हो गई, जबकि छोटा भाई गंभीर घायल है। दोनों भाई ग्राम रमखिरिया के रहने वाले है तथा खेती किसानी का कार्य करते है।

जानकारी के अनुसार सोमवार को दोपहर करीब 2 बजे ग्राम रमखिरिया के निवासी दो भाई राजकुमार लोधी एवं गजेंद्र लोधी खेती किसान के कार्य से पेट्रोप पंप पर डीजल लेने गए थे, जहां से लौटते समय तेज रफ्तार से आर ही बोलेरो ने बाइक सवार दोनों भाईयों को टक्कर मार दी। हादसा इतनी भीषण था कि बाइक के दो टुकड़े हो गए, वहीं बोलेरों भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना में बड़े भाई राजकुमार की मौके पर ही मौत हो गई तथा छोटे भाई गजेंद्र गंभीर घायल हो गया, जिसे लोगों की मदद से उदयपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर भोपाल रेफर कर दिया।

## जीतू पटवारी को हिंगलाजगढ़ आने का दिया आमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

खाकी अखाड़ा हिंगलाजगढ़ में आयोजित होने वाले बड़े धार्मिक महोत्सव में संत समाज द्वारा राजनीतिक सामाजिक धार्मिक लोगों को 55 वर्ष बाद आयोजित होने वाले श्री सहस्त्र चंडी महायज्ञ में आने का आमंत्रण एवं आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से चर्चा की जा रही है।

खाकी अखाड़ा हिंगलाज मंदिर पर यह आयोजन संत समाज के प्रमुख महंत महाकाल बाबा जी महाराज के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है इस आयोजन में संत समाज की परंपरा रखा गया है अखाड़ा मंदिर में चमत्कारिक संतो ब्रह्मचारी गादी के चमत्कारिक संत भगवान दास जी महाराज द्वारा जनकल्याण की इच्छा पूर्ण करने के लिए जगत जननी मां हिंगलाज की घोर तपस्या की थी जिसके परिणाम स्वरूप मां हिंगलाजगढ़ में मूर्ति रूप में विराजमान है संत परंपरा के अनुसार यहां पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले धार्मिक उत्सव 55 वर्ष से नहीं हुए संत समाज ने 55 वर्ष बाद इस तपस्वी भूमि पर श्री सहस्त्र चंडी महायज्ञ करने का निर्णय लिया।

इस अवसर पर संत समाज एवं नगर के नागरिक ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री जयवर्धन सिंह से भेंट की और उन्हें धर्म सभा में आने का आमंत्रण दिया।

## भीषण गर्मी में बिजली कटौती से लोग बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

गर्मी से लोग वेसे ही बहुत परेशान हाल में हैं। क्योंकि तापमान 40 डिग्री से ऊपर जा रहा है। इसी पर बिजली कटौती कटे में नमक छिड़कने का काम कर रही है। रविवार का दिन लोगों का छुट्टी का दिन होता है। इस दिन का लोग हफ्ते भर से इंतेजार करते हैं। मगर हर रविवार को बिजली कटौती से लोग परेशान हो गए हैं। मेंटेनेंस के नाम पर बिजली कटौती की जा रही है।

इस ताप्ती धूप में लोग ना घर में बैठ पा रहे हैं और ना ही घर से बाहर बिजली विभाग वाले गर्मियों में सारी लाइनें मेंटेनेंस से करते हैं आज रविवार को 132 के वी की लाइन का मेंटेनेंस होने के कारण पूरे क्षेत्र में बिजली कटौती रही लोगों का मानना है कि बिजली विभाग बिजली कटौती के नाम पर लोगों के साथ दोहरा रुख अपनाते आते है। अभी दिनभर बिजली बंद रखते हैं । और बरसात के मौसम में एक हवा के झोंके में पूरी बिजली व्यवस्था ठप हो जाती है। अभी मेंटेनेंस और बाद में हर गली मोहल्ले में केवल फॉल्ट होती नजर आएंगे ना मेंटेनेंस काम करेगा और ना ही मैनेजमेंट सब अस्त-व्यस्त नजर आएगा यही रोना बिजली कंपनी का हमेशा लगा रहता है।

### इनका कहना है

पिछले रविवार को हमारे स्टाफ के द्वारा मेंटेनेंस किया गया था इस रविवार को 132 के वी ऊपर से ही बंद की गईं हैं। हम जल्दी चालू करने की कोशिश करेंगे।

- **मनीष श्रीवास्तव,** जेई बिजली विभाग सांची।

## सुषमा स्वराज की घोषणा को पूर्ण कराने के लिए सौंपा ज्ञापन

### नगर में केंद्रीय विद्यालय की कक्षाएं प्रारंभ कराने की घोषणा पड़ी है लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर में केंद्रीय विद्यालय की कक्षाए प्रारंभ कराए जाने की तत्कालीन केंद्रीय कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज की नगर में केंद्रीय विद्यालय की कक्षाए प्रारंभ किए जाने की घोषणा पर करीब 8 साल बाद भी अमल नहीं होने पर अधिवक्ता संघ सिलवानी ने दुख व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से घोषणा को पूर्ण कराने की मांग बावद् एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।

सोमवार को अधिवक्ता तहसील कार्यालय पहुचें यहां पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष जीएस रघुवंशी के नेतृत्व में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। जिसमें सिलवानी में केंद्रीय विद्यालय की कक्षाए प्रारंभ किए जाने की तत्कालीन केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज के द्वारा की गई धोषणा को पूर्ण कराए जाने की मांग की गई। ज्ञापन मे उल्लेख किया हैं कि करीब 8 साल श्रीमति स्वराज के द्वारा



केंद्रीय विद्यालय प्रारंभ किए जाने की घोषणा की गई थी जो कि आज तक पूर्ण नही हो सकी है।

ज्ञापन में शीघ्र ही कक्षाएं प्रारंभ किए जाने की मांग श्री चौहान से की गई है। इस मौके पर अधिवक्ता एस एम लुकमान, एसके जैन, केके नेमा, एस के श्रीवास्तव, आर के नेमा, आलोक श्रीवास्तव, सुरेन्द्र तिवारी, अतुल श्रीवास्तव, नितिन सोनी सहित अन्य अधिवक्ता गण उपस्थित रहें।

## नरवाई जलाने वाले पर 5 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

इन दिनों किसान अपनी खेतों की नरवाई जला रहे है जबकि प्रशासन किसानों को जागरूक कर रहा है मगर नहीं मान रहे। ऐसे ही एक मामले में घोट के किसान वासुदेव पाराशर पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। वहीं पिछले सप्ताह को राज विश्वकर्मा अमर सिंह महेंद्र सिंह लाल सिंह पर आगजनी का प्रकरण दर्ज किया गया। तहसीलदार प्रमोद कुमार उईके ने ग्राम पारतालाई में किसानों को बताया हमारे पिछले 2.3 दिनों रायसेन जिले में आगजनी की 4 घटनाएं हुई हैं यह चिंता का विषय है।

वहीं धर्म सिंह कृषि अधिकारियों द्वारा समझाया जा रहा है कि भूमि में 5 प्रतिशत तक कार्बनिक पदार्थ पाया जाता है यदि हम नरवाई जलाते हैं तो वायु प्रदूषण, भूमि की भौतिक, रासायनिक, संरचना खराब हो जाती है जिससे भूमि कठोर होती है जिससे जलधारण क्षमता कम हो जाती है और पोषक तत्व उपलब्धता घट जाती है हम नरवाई से स्ट्रा रीपर द्वारा पशु के लिए भूसा बनवाएं वहीं सुपर सीडर हैप्पी सीडर से बोनी करने पर नरवाई जलाने की आवश्यकता नहीं होती क्षेत्र के किसान भरत सिंह ठाकुर ने बताया की मूंग फसल को सुपर सीटर से बुवाई करें इसमें नरवाई जलाने की जरूरत नहीं होती या मूंग लगाने से पहले रोटावेटर द्वारा नरवाई को भूमि में मिलाये इसके बाद बुवाई करें।

# 'अहंकार' को त्याग कर समाज हित में कार्य करें : सरला दीदी

## जैन समाज की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय में सोमवार को अष्ठमी के अवसर पर सुबह के समय जिनवाणी वंदना का कार्यक्रम राजेश जैन खन्ना तथा पटेल उत्सव जैन के द्वारा जिनवाणी वाचन मंत्र से संपन्न कराया गया। जिनवाणी वंदना बाद आरती तथा प्रसाद वितरण किया गया।

यहां पर बीते दिनों नवगठित तारण तरण दिगंबर जैन समाज की चैत्यालय महासमिति के पदाधिकारियों का शपथ विधि कार्यक्रम संपन्न किया। तारण तरण दिगंबर जैन समाज के वरिष्ठ संरक्षक प्रजासेवक जैन व छवील चंद्र जैन के द्वाराव शपथ ग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। शपथ में पदाधिकारियों ने कहा कि वह समाज हित में निरंतर कार्य करते रहेगें ऐसा कोई कार्य नही करेगें जिससे समाज को क्षति हो। नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष सवाई सेठ संजय समैया (बल्ले भैया), उपाध्यक्ष पटेल प्रफुल्ल कुमार जैन, सवाई सेठ राजेष कुमार जैन खन्ना, जितेंद्र कुमार जैन (छोटे पप्पू), महामंत्री पटेल राजीव कुमार समैया, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार जैन, मंत्री देषबंधु जैन, संगठन मंत्री धर्मेष जैन द्वारा पद व गोपनीयता की शपथ ली।



**कर्तव्य निष्ठा के साथ समाज हित में करें**

*शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर बाल ब्रम्हचारी सरला दीदी ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि पदाधिकारी अहंकार को तिलांजलि देकर अपने दायित्व का निर्वाहण ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा के साथ समाज हित में करें व श्रीमद् जिन तारण तरण मंडलाचारी महाराज द्वारा लिखित जिनवाणी को जन जन की वाणी बनावे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहें।*

## टीएल बैठक में कलेक्टर हुए सख्त, अधिकारियों को दिए निर्देश

# समझाइश के बाद न माने तो किसानों पर होगी एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए आयोजित की जा रहीं जागरूकता गतिविधियों तथा नरवाई जलाने वाले व्यक्तियों पर की गई कार्रवाई की जानकारी लेते हुए एसडीएम, कृषि और पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को नरवाई नहीं जलाने की समझाईश देने के साथ ही नरवाई के उचित प्रबंधन हेतु विभिन्न तरीकों की जानकारी दी जाए। बड़े रकबे वाले किसानों को भी नरवाई नहीं जलाने की समझाईश दी जाए। इसके बाद भी नरवाई जलाने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार एफआईआर तथा जुर्माने की कार्यवाही की जाए।

बैठक में कलेक्टर ने ई-केवायसी कार्य की तहसील और जनपदवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि यह कार्य समयावधि में पूर्ण किया जाना है। सभी एसडीएम, जनपद सीईओ तथा सीएमओ अपने-अपने क्षेत्रों में



भ्रमण कर मॉनीटरिंग करें और प्रतिदिन की कार्यप्रगति से अवगत कराएं। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि नागरिकों को जल संरक्षण हेतु प्रेरित करें। साथ ही अभियान के तहत जो नवीन कार्य प्रारंभ किए जाने हैं, उन्हें शीघ्र प्रारंभ किया जाए। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों पर नागरिकों की सुविधा हेतु प्याऊ लगाने की जानकारी लेते हुए कहा कि प्याऊ में शुरू और शीतल पानी उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित कराएं।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हाईकोर्ट में जबावदावा लगाने वाले प्रकरणों को गंभीरता से लें और समय से हाईकोर्ट में जबावदावा लगवाएं। हाईकोर्ट द्वारा प्रकरणों में जारी निर्देशों का शीघ्र पालन भी सुनिश्चित कराएं। उन्होंने ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की जानकारी लेते हुए पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या ना हो, हैण्डपम्प या नलकूप खराब होने की सूचना प्राप्त होते ही शीघ्र सुधरवाए जाएं। इसी प्रकार पीओ डूडा को भी नगरीय क्षेत्रों में सतत पेयजल आपूर्ति संबंधी निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत किश्तवार प्रगति की समीक्षा की गई। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए एएनसी पंजीयन के विरूद्ध शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक में खनिज विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, मत्स्य विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, पीएचई, जल निगम सहित अन्य विभागों की योजनाओं तथा गतिविधियों की समीक्षा कर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिपं सीईओ अंजू भदौरिया, अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर और जिला अधिकारी उपस्थित रहे।